Title: Need to accord approval for laying Bilaspur-Mandal new railway lines.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : माननीय सभापति महोदय, मैं छत्तीसगढ़ राज्य के विलासपुर, मंडला से जबलपुर में नई रेल लाईन बिछाने के बारे में कहना चाहता हूं। छत्तीसगढ़ एक नया राज्य बना है और दो करोड़ की जनसंख्या में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की संख्या लगभग 80-90 लाख है। विलासपुर, मंडला और जबलपुर से रेलवे लाईन का सर्वे वर्ष 1971 में शुरू हुआ था और इतने वर्षों के बाद, लगभग 40 वर्ष बीतने के बाद अभी सर्वे का कार्य एक वर्ष पहले ही पूरा हुआ है। महोदय, उसे प्लानिंग कमीशन में भेजा जाए क्योंकि लगभग 125 किलोमीटर नई रेलवे लाईन बिछने से एक लाख लोगों को रोजी-रोटी मिलेगी, लोगों का जीविकोपार्जन होगा। वहां की जो खनिज संपदा है, कोयला है, बॉक्साइट है और डोलोमाइट है, उससे राज्य सरकार को, केंद्र सरकार को और रेलवे विभाग को आमदनी होगी। इस कारण मैं मांग करना चाहता हूं कि विलासपुर-मंडला-जबलपुर में नई रेलवे लाईन को अविलंब स्वीकृति प्रदान की जाए।